# चंदौली में ब्रांडेड सीमेंट की पांच लाख नकली बोरियां बरामद, फैक्ट्री संचालक सहित सात हिरासत में

Publish Date:Tue, 03 Dec 2019 09:52 AM (IST)



**चंदौली, जेएनएन।** पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में छापेमारी कर एक फैक्ट्री से विभिन्न ब्रांडेंड कंपनियों और सरकार को आपूर्ति किए जाने वाले सामानों की करीब पांच लाख बोरियां बरामद की। फैक्ट्री संचालक सहित सात लोगों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने बोरी बनाने में उपयुक्त डाई भी बरामद की। सीओ सदर त्रिपुरारी पांडेय ने बताया कि यह एक बहुत बड़ी कार्रवाई है। आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इससे जुड़े रैकेट का भी भंडाफोड़ किया जाएगा। नकली सीमेंट कारोबार पर नकेल कसने की कवायद में लगी पुलिस को सूचना मिली कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में ब्रांडेंड सीमेंट कंपनियों की नकली बोरियां बनाई जा रही हैं। सीओ के नेतृत्व में पीडीडीयू नगर कोतवाली पुलिस टीम ने देव इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में छापेमारी की तो कारोबार का भंडाफोड़ हुआ। इस दौरान तकरीबन पांच लाख बोरियां, डाई व अन्य उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक देवकांत पाल को तत्काल हिरासत में ले लिया जबकि कार्य में लगे आधा दर्जन मजदूरों को भी पूछताछ के लिए पुलिस ने पकड़ा। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई से हड़कंप मचा गया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/varanasi-city-five-lakh-fake-sacks-of-branded-cement-seized-in-chandauli-seven-including-factory-operator-in-custody-19808679.html